# कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच

सं0–884/स्टाम्प शुल्क/नि0का0/टेण्डर/2023–24 दिनांक 2 फरवरी, 2024

## अल्पकालिक निविदा सूचना

स्टाम्प शुल्क के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 में स्वीकृत निर्माण कार्यो में से निम्नलिखित निर्माण कार्यो की निविदायें प्रतिशत के आधार पर नगर पालिका परिषद बहराइच के साथ–साथ अन्य विभागों में वर्ष 2023–24 में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से दिनांक 21.02.2024 को अपरान्ह 4:00 बजे तक नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग में, 2– प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एंव 3– उपजिलाधिकारी बहराइच कार्यालय में सीलबन्द निविदायें निम्नलिखित शर्तो के अधीन आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/ प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, बहराइच के कार्यालय कक्ष में प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एंव अधिशासी अधिकारी द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:30 बजे खोली जायेगी। निविदा के साथ रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र ( निर्धारित प्रारूप) तथा 02 % धरोहर धनराशि की एन0एस0सी0 /एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 /सी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी के पद नाम से बन्धक हो, जमा करना होगा। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक–पृथक धरोहर/जमानत धनराशि टेण्डर के साथ संलग्न करना होगा। निविदा फार्म नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एंव उपजिलाधिकारी बहराइच कार्यालय से दिनांक 19.02.2024 को कार्यालय अवधि (प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक) में प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय नगरपालिका परिषद, बहराइच को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेगी। सम्बधित निविदा सूचना नगरपालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट –WWW.bahraichnpp.in पर देखी जा सकती है।

| क0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | जी0एस0टी0 18 % | निविदा प्रपत्र का कुल मूल्य | कार्य समाप्त करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | नगर क्षेत्र में स्थित विभिन्न स्वागत द्वार (05 अदद) के नवीनीकरण कार्य। | 875000.00 | 17500.00 | 875.00 | 158.00 | 1033.00 | तीन माह |
| 2 | पूर्व माध्यमिक विद्यालय नाजिरपुरा, नगर क्षेत्र बहराइच में कायाकल्प का कार्य। | 990707.00 | 19820.00 | 1000.00 | 180.00 | 1180.00 | तीन माह |
| 3 | प्राथमिक विद्यालय नाजिरपुरा, नगर क्षेत्र बहराइच में कायाकल्प का कार्य। | 989269.00 | 19785.00 | 1000.00 | 180.00 | 1180.00 | तीन माह |
| 4 | संविलयन विद्यालय पुलिस लाइन नगर क्षेत्र बहराइच में कायाकल्प का कार्य। | 797052.00 | 15945.00 | 800.00 | 144.00 | 944.00 | तीन माह |
| 5 | प्राथमिक विद्यालय सलारगंज द्वितीय नगर क्षेत्र बहराइच में कायाकल्प का कार्य। | 732847.00 | 14660.00 | 725.00 | 131.00 | 856.00 | तीन माह |

## शर्ते–

1– निविदा के सील बन्द लिफाफे पर निविदा कार्य संख्या एंव कार्य का नाम अंकित करना होगा।

2– सील बन्द निविदायें अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद, बहराइच, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, बहराइच एंव उप जिलाधिकारी बहराइच के कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में दिनांक 21.02.2024 को सायं 4:00 बजे तक ही निविदायें डाली जायेगी, जो उसी दिन 4:30 बजे अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) बहराइच के कार्यालय में खोली जायेगी।

3– अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा की बिक्री एंव प्राप्त होने तथा खोलने की तिथि पर किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है, तो निविदा बिक्री एंव प्राप्त होने तथा खोलने की कार्यवाही अगले कार्यालय दिवस में की जायेगी। स्थान व समय तथा निविदा की बैधता अवधि पूर्ववत् रहेगी।

4– निविदा स्वीकृत/कार्यादेश निर्गत होने के पश्चात ठेकेदार/फर्म द्वारा कार्य स्थल पर लगाये जाने वाले श्रमिकों का पंजीकरण श्रम विभाग में एक सप्ताह के भीतर कराकर पंजीयन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना होगा।

5– कार्य स्थल पर कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व, कार्य के दौरान व कार्य पूर्ण होने पर अलग–अलग फोटो ग्राफ देना होगा एंव कार्य प्रारम्भ से पहले स्थल पर साइन बोर्ड ठेकेदार को लगाना होगा।

6– स्थल पर कार्य पूर्ण होने से पूर्व सामग्रियों की जांच ठेकेदार को अपने खर्च पर स्वयं करानी होगी।

7– निविदा स्वीकृत उपरान्त कार्यादेश निर्गत होने के पश्चात कार्य प्रारम्भ की सूचना अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता को लिखित रूप में ठेकेदार को देना होगा। तदुपरान्त अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता के निर्देशानुसार कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।

8– कार्य स्थल पर सत्यापन के दौरान यदि कार्य की गुणवत्ता में कोई कमी पायी जाती है तो ठेकेदार को तत्काल अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता के निर्देशानुसार कार्य को मानक के अनुरूप पूर्ण कराना होगा अन्यथा कराये गये कार्य का भुगतान नही किया जायेगा।

9– प्रमुख सचिव नगर विकास अनुभाग–5 उ0प्र0 शासन लखनऊ के पत्र सं0– 24वी0आई0पी0(1)/नौ–5–2017–120बजट/2013 दिनाक 24.08.2017 के प्रस्तर –2 में दिये गये आदेश के अनुपालन में निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात 05 वर्ष का अनुरक्षण/रखरखाव की जिम्मेदारी सम्बंधित ठेकेदार/फर्म की होगी। परियोजना लागत की 05 प्रतिशत धनराशि परफारमेन्स गारन्टी के रूप में 05 वर्ष रोंकने के उपरान्त सडक के समुचित रखरखाव होने की दशा में भुगतान की जायेगी।

10– नगरपालिका परिषद, बहराइच में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो के अतिरिक्त अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो को टेण्डर फार्म क्रय करने के समय विभाग का पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति साथ में प्रस्तुत करनी होगी तथा निविदा के साथ पंजीकरण, हैंसियत, चरित्र प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, जी0एस0टी0 एंव अनुभव प्रमाण पत्र की स्वःप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा अन्यथा निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

11– स्थल पर कार्य पूर्ण होने से पूर्व प्रयुक्त निर्माण सामग्रियों की जांच ठेकेदार को स्वय अपने खर्च पर करानी होगी।

12— नगरपालिका परिषद, बहराइच में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को छोडकर अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को नगरपालिका परिषद, बहराइच में नियमानुसार पंजीकरण कराना होगा तदोपरान्त नियमानुसार कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

13— कार्य हेतु तीन–तीन निविदायें प्राप्त होने पर ही निविदा की स्वीकृति पर कार्यवाही की जायेगी।

14— प्राप्त किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय नगरपालिका परिषद, बहराइच को होगा। इस सम्बंध में किसी का दावा स्वीकार नहीं होगा।

15— उपरोक्त समस्त शर्तो का पालन ठेकेदार/फर्म को करना होगा अन्यथा की स्थिति में निविदा की स्वीकृति पर विचार नही किया जायेगा।

16— उक्त निविदा सूचना में अंकित निविदा की धनराशि में 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 की धनराशि सम्मिलित नही है जिसका भुगतान नियमानुसार किया जायेगा।

17— कार्य हेतु अवशेष 8 प्रतिशत जमानत धनराशि कार्य के अनुबन्ध के समय जमा करना होगा। जमानत धनराशि अनुबन्ध के समय जमा न करने की दशा में भुगतान बिल से 08 प्रतिशत जमानत धनराशि की कटौती की जायेगी।

Sudha devi

( प्रमिता सिंह )
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
बहराइच।

( सुधा देवी )
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद
बहराइच।

पृ0सं0 एवं दिनांक– उपरोक्त

प्रतिलिपि–

1— जिलाधिकारी महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2— प्रभारी अधिकारी महोदय स्थानीय निकाय बहराइच को उपरोक्त निर्माण कार्यो के निविदा प्रपत्रों की पांच–पांच प्रतियॉं इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्तानुसार निविदा फार्मो की बिक्री हेतु किसी कर्मचारी को अधिकृत करने के साथ – साथ निर्धारित तिथि एंव समय पर टेण्डर बाक्स में पडे निविदा फार्मो को खोलने का कष्ट करें।

3— उपजिलाधिकारी महोदय बहराइच कों उपरोक्त निर्माण कार्यो के निविदा फार्मो की पांच–पांच प्रतियां इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि निर्धारित तिथि को निविदा फार्मो की बिक्री तथा निविदा फार्मो को जमा किये जाने हेतु अपने अधीनस्थ किसी कर्मचारी को अधिकृत करने की कृपा करें।

4— कार्यालय जिलाधिकारी बहराइच/उपजिलाधिकारी बहराइच/नगर पालिका परिषद बहराइच के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद,
बहराइच।